# कार्यालय प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी (नैनीताल)

**दूरभाषः 05946–255255, फैक्स–05946–282578** ईमेल– **principal.gmchld@gmail.com**

पत्रांक :– 10735/जीएमसी /एल–1/भूमि–3 हल्द्वानी, दिनांक 09 जून, 2022

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
तराई केन्द्रीय वन प्रभाग,
विकास भवन के पीछे, रूद्रपुर, जिला–उधम सिंह नगर।

विषयः– **जनपद नैनीताल में स्थापित राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी के नियंत्रणाधीन स्वामी राम कैंसर चिकित्सालय एवं अनुसंधान संस्थान हल्द्वानी का विस्तारीकरण करते हुए "राज्य कैंसर संस्थान" की स्थापना किये जाने हेतु 3.111 हे0 वन भूमि के हस्तान्तरण हेतु ऑनलाईन प्रस्ताव संख्या–FP/UK/DISP/114282/2020 को पुनरीक्षित करते हुए अपलोड करने के संबंध में।**

संदर्भः– उपरोक्त विषयक उप महानिरीक्षक, वन (के0), भारत सरकार, देहरादून के पत्रांक/8बी/यू.सी. पी./09/21/2021/एफ0सी0/1192, दिनांकित 15.12.2021 के क्रम में।

महोदया,

अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, देहरादून को संबोधित उपरोक्त संदर्भित पत्र के माध्यम से राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी द्वारा प्रस्तुत ऑनलाईन प्रस्ताव संख्या–FP/UK/DISP/114282/2020 पर भारत सरकार द्वारा लगायी गयी आपत्तियों के संबंध में आख्या निम्नानुसार प्रस्तुत है–

- रीजनल इम्पावरमेंट कमेटी, भारत सरकार द्वारा पूर्व में तीन पृथक–पृथक प्रस्ताव संख्या–FP/UK/DISP/48845/2020, FP/UK/DISP/48848/2020, FP/UK/ROAD/48706/2020 के नियमितीकरण हेतु सैद्धान्तिक स्वीकृतियां प्रदान की गयी थी। उक्त स्वीकृतियों में विहित समस्त शर्तों का अनुपालन राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी द्वारा पूर्ण करते हुए मात्र एन0पी0वी0 का राशि प्रस्तुत की जानी शेष है। इस हेतु शासन से वित्तीय स्वीकृति प्राप्त होते ही राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी के पास उपलब्ध बजट से एन0पी0वी0 की आंकलित धनराशि रू0 59.83956 लाख का अविलम्ब भुगतान वन विभाग के कैम्पा कोष में किया जायेगा।
- अवगत कराना है कि उक्त प्रस्ताव संख्या– FP/UK/DISP/48848/2020 के माध्यम से वांछित 1.75 हे0 वन भूमि पर स्वामी राम कैंसर चिकित्सालय पूर्व से ही निर्मित व संचालित है, तथा राज्य कैंसर संस्थान की स्थापना हेतु प्रस्तावित 3.111 हे0 वन भूमि इससे लगी हुई भूमि है। केन्द्रीय परियोजना के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित राज्य कैंसर संस्थान की स्थापना के लिए पूर्व निर्मित स्वामी राम कैंसर चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया था, जिसका विस्तारीकरण करते हुए राज्य कैंसर संस्थान का निर्माण करने की स्वीकृति प्रदान की गयी। अतः इस प्रस्ताव को "Upgradation of existing Swami Ram Cancer Hospital" के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

9.6.2022

- प्रस्ताव संख्या–FP/UK/DISP/114282/2020 में पूर्व में दर्शाये गये "Future Construction" को घटाते हुए प्रत्येक कम्पोनेंट का स्पष्ट व संशोधित ले–आऊट **संलग्नक–01** में सुलभ संदर्भ हेतु प्रस्तुत है। प्रस्तावित ''राज्य कैंसर संस्थान'' की स्थापना हेतु उक्त ले–आऊट भारत सरकार के न्यूनतम् मानकानुसार तैयार किया गया है, जिसकी वित्तीय स्वीकृति **संलग्नक–02** में सुलभ संदर्भ हेतु प्रस्तुत है।

यह भी अवगत कराना है कि उपरोक्त ऑनलाईन प्रस्ताव पर उप महानिरीक्षक, वन (के0), भारत सरकार, देहरादून के पूर्व पत्रांकों– 2373 दिनांकित 26.02.2021 तथा 637, दिनांकित 31.08.2022 के माध्यम से लगायी गयी आपत्तियों के क्रम में इस कार्यालय द्वारा क्रमशः पत्रांक–7484, दिनांकित 16.03.2021 तथा 2749, दिनांकित 28.09.2021 द्वारा निराकरण करते हुए प्रेषित किये गये थे।

राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी द्वारा ''राज्य कैंसर संस्थान'' की स्थापना किये जाने हेतु आवश्यक 3.111 हे0 वन भूमि के हस्तान्तरण हेतु उपरोक्त संदर्भित पत्र के क्रम में संशोधित प्रस्ताव मय संलग्नक ऑनलाईन अपलोड करते हुए अनुमोदनार्थ प्रेषित किया जा रहा है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार अवगत होते हुए ऑनलाईन प्रस्ताव को स्वीकृति हेतु अग्रसारित करने का कष्ट करेंगी।

**संलग्नक:** यथोपरि (04 प्रतियों में)।

भवदीय,
9.6.2022
(डॉ0 अरूण जोशी)
प्राचार्य,
राजकीय मेडिकल कालेज, हल्द्वानी।

सं.– /(1) उक्त दिनांक।

**प्रतिलिपि:** निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. निदेशक, चिकित्सा शिक्षा, 107, चन्दर नगर, देहरादून।
2. वन संरक्षक, पश्चिमी वृत्त, अरण्य भवन, रामपुर रोड़, हल्द्वानी।
3. निदेशक, राज्य कैंसर संस्थान, हल्द्वानी।
4. प्रबन्धक, (सम्पत्ति एवं परियोजना), राजकीय मेडिकल कालेज, हल्द्वानी।

(डॉ0 अरूण जोशी)
प्राचार्य,
राजकीय मेडिकल कालेज, हल्द्वानी।